दैनिक समाचार पत्र

# जीत समाचार

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

वर्ष : 13 अंक : 262 मूल्य : 2 रू पृष्ठ : 8

मंगलवार
9 जून 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com

## अनमोल वचन

"आरंभ हो , अंत न हो मन इतना स्वतंत्र न हो सुख तोड़ा सा मिले कोई बात नही किंतु मन में कोई षड्यंत्र न हों"

## आज का तापमान

अधिकतम -43 डिग्री सेल्सियस
न्यूनतम -31 डिग्री सेल्सियस

सूर्य अस्त(आज) -7:19
सूर्य उदय(कल) - 5:22

# देश में कच्चे तेल, एलपीजी और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य-सरकार



नई दिल्ली (एजेंसी)। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बावजूद देश में कच्चे तेल, एलपीजी और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। नई दिल्ली में सोमवार को अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में मंत्रालय के अपर सचिव प्रवीण खन्नूजा ने बताया कि देशभर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि ईंधन की निर्बाध आपूर्ति और ऊर्जा सुरक्षा बनाए रखने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं।

उन्होंने बताया कि देश की रिफाइनरियों और गैस प्रसंस्करण इकाइयों में कल लगभग 53 हजार मीट्रिक टन उत्पादन हुआ। ये संकट से पहले के स्तर की तुलना में लगभग 60 प्रतिशत अधिक है।

रसायन और उर्वरक मंत्रालय की अपर सचिव अपर्णा शर्मा ने कहा कि देश में उर्वरकों का भंडार भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

सुश्री शर्मा ने बताया कि इस वर्ष खरीफ सीजन के लिए कृषि और किसान कल्याण विभाग ने 380 लाख मीट्रिक टन से अधिक उर्वरकों की आवश्यकता का अनुमान लगाया है। अब तक किसान लगभग 86 लाख मीट्रिक टन उर्वरक खरीद चुके हैं।

## संक्षिप्त न्यूज

### मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी की छापेमारी जारी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क से जुड़े धन शोधन मामले में मिजोरम- म्यामांर सीमा, त्रिपुरा-बंगलादेश सीमा और पश्चिम बंगाल में चार स्थानों पर छापे मारे हैं। यह मामला मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो की अगरतला इकाई द्वारा भारी मात्रा में जब्त नशीले पदार्थ से जुड़ा है। इस जांच से म्यामांर से मादक पदार्थ की तस्करी और आपूर्ति करने वाले संगठित गिरोह का पता चला है।

### एनटीए ने नीट-यूजी 2026 की पुनः परीक्षा के लिए केन्द्रों की सूचना जारी की

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने 21 मई को होने वाली नीट-यूजी 2026 की पुनः परीक्षा के लिए केन्द्रों की सूचना जारी कर दी है। एजेंसी द्वारा जारी एक सार्वजनिक सूचना के अनुसार, पुनः परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5रू15 बजे तक भारत के 551 शहरों और विदेशों के 14 शहरों में पेन और पेपर मोड में आयोजित की जाएगी। एनटीए ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा शहर की सूचना पर्ची एडमिट कार्ड नहीं है और इसे केवल उम्मीदवारों को उनके परीक्षा केंद्र के शहर के बारे में सूचित करने के लिए जारी किया जा रहा है।

एजेंसी ने उम्मीदवारों से परीक्षा और एडमिट कार्ड जारी होने से संबंधित नवीनतम घोषणाओं के लिए अपनी आधिकारिक वेबसाइटों पर अपडेट रहने का आग्रह किया है। हमारे संवाददाता के अनुसार, पंजीकृत उम्मीदवार अब अपने आवेदन संख्या और पासवर्ड का उपयोग करके आधिकारिक वेबसाइट पर लॉग इन करके अपने आवंटित परीक्षा शहर की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट-यूजी परीक्षा इस वर्ष 3 मई को हुई थी, लेकिन पेपर लीक के आरोपों के बीच एनटीए ने 12 मई को इसे रद्द कर दिया था। सीबीआई वर्तमान में इस मामले की जांच कर रही है और पुनः परीक्षा 21 जून को निर्धारित है।

## विश्व महासागर दिवस पर राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने महासागरों की रक्षा करने और समुद्री जीवों के संरक्षण की अपील की



नई दिल्ली (एजेंसी)। विश्व महासागर दिवस के अवसर पर पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने सभी लोगों से महासागरों की रक्षा करने और समुद्री जीवों के संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की है। सोशल मीडिया संदेश में उन्होंने कहा कि महासागर दुनिया के सभी तटों, पीढ़ियों और देशों को आपस में जोड़ते हैं। उन्होंने लोगों से आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और साफ पानी छोड़ने का आग्रह किया।

श्री सिंह ने यह भी कहा कि स्वस्थ और बेहतर पृथ्वी के लिए सभी को मिलकर काम करना चाहिए।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अब तक देश में चार करोड़ से अधिक आवास बनेः केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल

नई दिल्ली(एजेंसी)। आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अब तक देश में चार करोड़ से अधिक आवास बनाए जा चुके हैं। इनमें नल से पानी, रसोई गैस और शौचालय जैसी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने इसे आवास क्षेत्र में बहुत बड़ा बदलाव बताया जिससे लाखों गरीब परिवारों के लिये सुरक्षित और गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में समावेशी विकास को नयी गति मिली है और गरीब कल्याण योजना पूरे विश्व के लिए उदाहरण बन गई है।

## भारत ब्रिक्स कृषि कार्य समूह और ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठकों की मेजबानी करेगा



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ब्रिक्स कृषि कार्य समूह और ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठकों की मेजबानी करेगा। ये बैठक मध्य प्रदेश के इंदौर में कल से 13 जून तक होंगी। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज भोपाल में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ये बैठक इस वर्ष ब्रिक्स संगठन की भारत की अध्यक्षता के दौरान हो रही हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स संगठन एक सशक्त वैश्विक मंच बन गया है। विश्व की लगभग 42 प्रतिशत कृषि भूमि ब्रिक्स देशों में है और यहां विश्व के कुल खाद्यान्न उत्पादन का 45 प्रतिशत उत्पन्न होता है। श्री चौहान ने विश्वास व्यक्त किया कि इन बैठकों से ब्रिक्स देशों के बीच कृषि सहयोग को नई दिशा मिलेगी।

बैठक में मुख्य रूप से किसानों की आय, रोजगार, आजीविका, कृषि ऋण और बाजार तक पहुंच बढ़ाने पर चर्चा होगी। खाद्य सुरक्षा, कृषि व्यापार, जलवायु समायोजन और कृषि नवाचार के मुद्दों पर भी विचार-विमर्श होगा।

## केरलमः शिगेला संक्रमण से एक बच्चे की मौत के बाद राज्य स्वास्थ्य विभाग ने निवारक उपाय और सख्त किए




केरलम(एजेंसी)। केरलम में शिगेला संक्रमण से एक चार वर्षीय बच्चे की मौत के बाद राज्य स्वास्थ्य विभाग ने निवारक उपाय और सख्त कर दिये हैं। स्वास्थ्य मंत्री के. मुरलीधरन ने खाद्य सुरक्षा विभाग से जांच बढ़ाने को कहा है।

विद्यालयों में दोपहर के भोजन और पानी के नमूनों की जांच करने का भी निर्देश दिया गया है। तीन बच्चों को इस संक्रमण के चलते कोझिकोड मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

# धनशोधन मामले में विशेष सत्र न्यायालय ने खारिज की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की डिस्चार्ज याचिका



झारखंड(ब्यूरो)। झारखंड में विशेष सत्र न्यायालय ने रांची में 8 एकड़ से अधिक जमीन से जुड़े धनशोधन मामले में मुख्यंत्री हेमंत सोरेन की डिस्चार्ज याचिका खारिज कर दी है। न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। न्यायालय ने कहा कि इस मामले में पर्याप्त आधार और दस्तावेज मौजूद हैं और इस स्तर पर आरोपी को बरी नहीं किया जा सकता।

पिछले साल दिसंबर में दायर अपनी याचिका में हेमंत सोरेन ने कहा था कि उनपर लगाये गये आरोप निराधार हैं और उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय के पास पर्याप्त सबूत नहीं हैं। निदेशालय ने अदालत को बताया कि जांच के दौरान जुटाए गए सबूत और दस्तावेज मामले की सुनवाई आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त हैं।

# पीएम मोदी ने आर्मेनियाई संसदीय चुनावों में 'सिविल कॉन्ट्रैक्ट पार्टी' की जीत पर निकोल पशिनयान को बधाई दी



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशिनयान को संसदीय चुनावों में उनकी सिविल कॉन्ट्रैक्ट पार्टी की जीत पर बधाई दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि यह जीत आर्मेनिया की जनता के अपने नेता निकोल पशिनयान और उनके विचारों पर भरोसे और विश्वास को दर्शाती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वे भारत और आर्मेनिया के बीच मित्रता और सहयोग के ऐतिहासिक तथा मजबूत संबंधों को और आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री पशिनयान के साथ मिलकर काम करने के इच्छुक हैं।

# दो दिन की आधिकारिक यात्रा पर उत्तर कोरिया पहुंचे चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग



चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग दो दिन की आधिकारिक यात्रा पर उत्तर कोरिया पहुंच गए हैं। यह पिछले सात वर्ष में उनकी पहली उत्तर कोरिया यात्रा है। चीन का उद्देश्य लम्बे समय से सहयोगी रहे और हाल के वर्षो में रूस के अधिक निकट हो रहे उत्तर कोरिया के साथ संबंध मजबूत करना है। दोनों देशों के बीच बातचीत मुख्य रूप से आर्थिक सहयोग, कोरिया प्रायद्वीप में सुरक्षा मुद्दे तथा उत्तर कोरिया, चीन और रूस के बीच समन्वय बढ़ाने पर केन्द्रित रहने की आशा है।

# इस्राएल और ईरान के जवाबी मिसाइल हमले से पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ा



ईरान(एजेंसी)। ईरान के उत्तरी इजरायल पर दागी गई मिसाइलों की बौछार के बाद पश्चिम एशिया में आज फिर तनाव का माहौल छा गया है। इसने युद्धविराम को भंग कर दिया है और पूरे क्षेत्र में हवाई क्षेत्र बंद कर दिया गया है।

इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईडीएफ) ने कहा कि ये हमले इजरायल के रमात डेविड एयरबेस को निशाना बनाकर किए गए थे। आईडीएफ के अनुसार इस एयरबेस से बेरूत के दहिए जिले पर हमला करने वाले इजरायली विमानों ने उड़ान भरी थी। लेबनान के स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि बेरूत हमलों में दो लोगों की मौत हो गई और कम से कम 11 अन्य घायल हो गए।

इजरायली सेना ने कहा कि उसकी वायु सेना ने पश्चिमी और मध्य ईरान में सैन्य ठिकानों पर हमला किया है और इसे उन्होंने ईरानी आतंकवादी शासन से संबंधित बताया है।


क्षेत्र के विमानन क्षेत्र के समक्ष बाधाएं खड़ी हो गई हैं। इराक ने अपना हवाई क्षेत्र 72 घंटों के लिए बंद कर दिया है। सीरिया ने अपने दक्षिणी हवाई गलियारे बंद कर दिए हैं और दमिश्क अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर परिचालन निलंबित कर दिया है। ईरान ने अपने पश्चिमी हवाई क्षेत्र को अगले आदेश तक बंद घोषित कर दिया है।

राष्ट्रपति डॉनाल्ड ट्रंप ने सभी पक्षों से संयम बरतने का आग्रह किया है। हमले का प्रभाव तेल के बाजार पर दिखा। अमरीका के कच्चे तेल में तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई और वैश्विक मानक भी इसके करीब

# फिलीपींस में आया 7.8 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप

फिलीपींस(एजेंसी)। में, दक्षिणी फिलीपींस के मिंडानाओ में आज सुबह 7.8 तीव्रता का एक शक्तिशाली भूकंप आया। इससे कुछ तटीय क्षेत्रों में सुनामी आने की संभावना है। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी गई है। इसमें किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

फिलीपींस के ज्वालामुखी विज्ञान और भूकंप विज्ञान संस्थान के अनुसार, भूकंप का केन्द्र मिंडानाओ द्वीप पर जनरल सैंटोस शहर से 13 किमी दक्षिण-पश्चिम में 10 किमी की गहराई पर था। यह भारतीय समयानुसार सुबह 5 बजकर 7 मिनट पर आया। इंडोनेशिया के उत्तरी सुलावेसी और उत्तरी मलुकु प्रांतों में भी लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए। ताइवान, जापान, गुआम, पापुआ न्यू गिनी और पश्चिमी प्रशांत महासागर के कई द्वीपीय देशों में छोटी सुनामी लहरें आने की संभावना है।



# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में रक्षा अलंकरण समारोह में सशस्त्र बलों और पुलिस कर्मियों को वीरता पुरस्कार प्रदान किए

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सशस्त्र बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और पुलिस बलों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस कर्मियों को वीरता पुरस्कार प्रदान किए। ये पुरस्कार राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह में प्रदान किए गए।



लेफ्टिनेंट कमांडर सूरज पाराशर, लेफ्टिनेंट कर्नल नीतीश भारती शुक्ला, मेजर आदित्य प्रताप सिंह, इंस्पेक्टर लक्ष्मण केवट और रामेश्वर दुर्गा देशमुख को शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया है।

इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य केंद्रीय मंत्री तथा सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# सोम सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

## करनाल से 90 तीर्थयात्री सोमनाथ मंदिर के लिए रवानाय महापौर रेनू बाला गुप्ता और जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुजुर्गों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा कर दिया सम्मानः रेनू बाला गुप्ता।

जीत समाचार हरियाणा(ब्यूरों)। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत सोमनाथ मंदिर के दर्शनों के लिए जाने वाले तीर्थयात्रियों की स्पेशल एसी ट्रेन को आज महापौर रेनू बाला गुप्ता और भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत इस विशेष वातानुकूलित (एसी) ट्रेन में हरियाणा के कुल 1100 श्रद्धालु सोमनाथ मंदिर (गुजरात) के दर्शन करने जा रहे हैं, जिनमें करनाल जिले के 90 तीर्थयात्री शामिल हैं। इस यात्रा का मुख्य शुभारंभ कुरुक्षेत्र से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया गया। सभी यात्रियों के चेहरों पर खुशी की लहर थी और उन्होंने धार्मिक भजनों व हर-हर महादेव के जयकारों के साथ अपनी यात्रा की शुरुआत की।



इस अवसर पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए महापौर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हर वर्ग की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए प्रदेश के विकास और व्यवस्थाओं को निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री जी ने हमारे बुजुर्गों की वर्षों पुरानी तीर्थ यात्रा पर जाने की मांग को पूरा कर उन्हें एक बड़ा तोहफा दिया है। यह सभी तीर्थयात्री सोमनाथ मंदिर के भव्य दर्शन करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए विशेष रूप से एसी ट्रेन की व्यवस्था की गई है ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही यात्रियों के रहने, खाने और सुलभ दर्शनों के भी पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कल्याणकारी योजना की शुरुआत कर सरकार ने बुजुर्गों को सम्मान दिया है और उनके अधूरे सपनों को सच कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में प्रदेशभर के 1100 श्रद्धालु और अकेले करनाल से 90 तीर्थयात्री शामिल हैं, जो सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन का पुण्य लाभ उठाएंगे।

## राष्ट्रमंडल संसदीय संघ इंडिया रीजन का जोन-2 सम्मेलन का आज चंडीगढ़ में शुभारंभ हुआ।

जीत समाचार हरियाणा(ब्यूरों)। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए राज्यसभा के उपसभापति श्री हरिवंश ने वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य की प्राप्ति में जागरूक समाज और जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर विशेष बल दिया।

उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला के उस दूरदर्शी प्रयास की सराहना की, जिसके तहत पहली बार सीपीए इंडिया को नौ जोनों में विभाजित कर संसदीय संवाद को अधिक सक्रिय, नियमित और व्यवस्थित बनाया गया है।

## मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र से श्रद्धालुओं के लिए सोमनाथ दर्शन हेतु विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जीत समाचार हरियाणा। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र से श्रद्धालुओं के लिए सोमनाथ दर्शन हेतु विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कोई भी श्रद्धालु आर्थिक अभाव के कारण तीर्थ यात्रा से वंचित न रहे, इसी उद्देश्य से राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना शुरू की है। इस योजना के तहत पहले भी अयोध्या धाम, प्रयागराज और श्री हजूर साहिब, नांदेड़ के लिए विशेष बसों और ट्रेनों का संचालन किया जा चुका है। - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से भगवान सोमनाथ के समक्ष हरियाणा और देश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना करने का आग्रह किया।

## समाधान शिविर आयोजित, 7 शिकायतें हुई प्राप्त




जीत समाचार हरियाणा(ब्यूरों)। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार व उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में सोमवार को जिला मुख्यालय पर समाधान शिविर का आयोजन हुआ। जिला मुख्यालय में आयोजित समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. राहुल रईया ने समस्याएं सुनीं। जिला मुख्यालय सहित सभी उपमंडल स्तरों पर आज आयोजित समाधान शिविरों में 7 शिकायतें आई। इनमें करनाल मुख्यालय पर 3, नीलोखेड़ी उपमंडल में 2 शिकायत, इंद्री व असंध उपमंडल में एक-एक शिकायत प्राप्त हुई। वहीं घरौंडा उपमंडल में आयोजित समाधान शिविर में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. राहुल रईया ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार हर सोमवार और वीरवार को जिला व उपमंडल स्तर पर सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं। इन समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लें और प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े और बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें।

ये आई समस्याएं

करनाल मुख्यालय पर आयोजित समाधान शिविर में जगबीर सिंह बिजली की खम्भे की समस्या, अशोक कुमार नकली बीज व फर्जी बिल व गुड्डी देवी जिला परिषद से संबंधित शिकायत लेकर पहुंचे। इसी प्रकार नीलोखेड़ी में सुरेश कुमार व गुरप्रीत सिंह नए बीपीएल राशन कार्ड से संबंधित शिकायत को लेकर पहुंचे। वहीं इंद्री में आयोजित समाधान शिविर में वेद प्रकाश परिवार पहचान पत्र में जन्म तिथि ठीक करवाने बारे व असंध उपमंडल से रामनिवास परिवार पहचान पत्र ठीक करवाने की शिकायत लेकर आए।






दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com मंगलवार, 9 जून 2026

# संपादकीयः संपादक की कलम से

## "चिट्टा" एक धीमा जहर और तस्करी का जाल

आज के दौर में 'चिट्टा' (सिंथेटिक ड्रगध्हेरोइन का एक प्रकार) न केवल हमारे समाज, बल्कि युवा पीढ़ी के भविष्य के लिए भी एक गंभीर खतरा बनकर उभरा है। यह नशा जितनी तेजी से युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहा है, उतनी ही तेजी से इसकी तस्करी का नेटवर्क भी फैल रहा है।

**तस्करी का संगठित जाल**

चिट्टा तस्करी का नेटवर्क बहुत ही सुनियोजित तरीके से काम करता है। इसके मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं।

आपूर्ति श्रृंखला : इस नेटवर्क की जड़ें अक्सर अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से जुड़ी होती हैं। यह नशा पड़ोसी देशों के रास्ते तस्करी होकर आता है और फिर बड़े तस्करों के माध्यम से छोटे डीलरों तक पहुँचता है।

सक्रियता का तरीकारू तस्कर अक्सर नए-नए रास्ते अपनाते हैं। वे युवाओं को, विशेषकर जो बेरोजगार हैं, आसानी से पैसे कमाने का लालच देकर अपना 'कूरियर' बना लेते हैं।

तकनीक का इस्तेमालः आजकल तस्कर सोशल मीडिया और एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स का उपयोग कर रहे हैं, जिससे पुलिस की पकड़ से बचना उनके लिए आसान हो जाता है।

**युवाओं पर प्रभाव**

चिट्टा अन्य नशों की तुलना में अधिक घातक है क्योंकि यह बहुत कम मात्रा में भी मस्तिष्क और शरीर पर गहरा प्रभाव डालता है। इसके शिकार हुए युवा न केवल अपनी शारीरिक और मानसिक क्षमता खो बैठते हैं, बल्कि नशे की लत को पूरा करने के लिए वे चोरी, छीना-झपटी और अन्य आपराधिक गतिविधियों में भी शामिल होने लगते हैं।

**चुनौती और समाधान**

चिट्टा तस्करी को रोकने के लिए केवल पुलिस की कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। इसके लिए एक सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।

कड़ी निगरानीरू पुलिस और खुफिया एजेंसियों को सीमाओं के साथ-साथ उन क्षेत्रों पर भी पैनी नजर रखने की जरूरत है जहाँ संदिग्ध गतिविधियाँ देखी जाती हैं।

जागरूकता अभियानरू स्कूलों, कॉलेजों और सामुदायिक स्तर पर नशे के प्रति जागरूकता फैलाना अनिवार्य है। युवाओं को यह समझाना होगा कि एक बार का सेवन भी जीवन भर की बर्बादी बन सकता है।

नशा मुक्ति केंद्ररू ऐसे केंद्रों की संख्या और गुणवत्ता बढ़ानी होगी जहाँ पीड़ित युवाओं को सम्मानजनक तरीके से सही उपचार और परामर्श मिल सके।

सामाजिक भागीदारीरू समाज को सतर्क रहना होगा। यदि कहीं भी संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे, तो तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करना हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है।

**निष्कर्ष**

चिट्टा का कारोबार समाज के भीतर एक ऐसा दीमक है जो आने वाली पीढ़ी को खोखला कर रहा है। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि यह केवल एक कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि एक मानवीय संकट है। जब तक समाज, प्रशासन और परिवार एकजुट होकर इस नेटवर्क के खिलाफ खड़े नहीं होंगे, तब तक इस खतरे को पूरी तरह समाप्त करना कठिन है।

-कमल पवार

# सम्पादकीय

## आपस की फूट

प्राचीन समय में एक विचित्र पक्षी रहता था। उसका धड एक ही था, परन्तु सिर दो थे नाम था उसका भारूंड। एक शरीर होने के बावजूद उसके सिरों में एकता नहीं थी और न ही था तालमेल। वे एक दूसरे से बैर रखते थे। हर जीव सोचने समझने का काम दिमाग से करता हैं और दिमाग होता हैं सिर में दो सिर होने के कारण भारूंड के दिमाग भी दो थे। जिनमें से एक पूरब जाने की सोचता तो दूसरा पश्चिम फल यह होता था कि टांगें एक कदम पूरब की ओर चलती तो अगला कदम पश्चिम की ओर और भारूंड स्वयं को वहीं खडा पाता ता। भारूंड का जीवन बस दो सिरों के बीच रस्साकसी बनकर रह गया था।

एक दिन भारूंड भोजन की तलाश में नदी तट पर धूम रहा था कि एक सिर को नीचे गिरा एक फल नजर आया। उसने चोंच मारकर उसे चखकर देखा तो जीभ चटकाने लगा "वाह! ऐसा स्वादिष्ट फल तो मैंने आज तक कभी नहीं खाया। भगवान ने दुनिया में क्या-क्या चीजें बनाई हैं।"

"अच्छा! जरा मैं भी चखकर देखूं।" कहकर दूसरे ने अपनी चोंच उस फल की ओर बढाई ही थी कि पहले सिर ने झटककर दूसरे सिर को दूर फेंका और बोला "अपनी गंदी चोंच इस फल से दूर ही रख। यह फल मैंने पाया हैं और इसे मैं ही खाऊंगा।"

"अरे! हम् दोनों एक ही शरीर के भाग हैं। खाने-पीने की चीजें तो हमें बांटकर खानी चाहिए।" दूसरे सिर ने दलील दी। पहला सिर कहने लगा "ठीक! हम एक शरीर के भाग हैं। पेट हमार एक ही हैं। मैं इस फल को खाऊंगा तो वह पेट में ही तो जाएगा और पेट तेरा भी हैं।"

दूसरा सिर बोला "खाने का मतलब केवल पेट भरना ही नहीं होता भाई। जीभ का स्वाद भी तो कोई चीज हैं। तबीयत को संतुष्टि तो जीभ से ही मिलती हैं। खाने का असली मजा तो मुंह में ही हैं।"

पहला सिर तुनकर चिढाने वाले स्वर में बोला "मैंने तेरी जीभ और खाने के मजे का ठेका थोडे ही ले रखा हैं। फल खाने के बाद पेट से डकार आएगी। वह डकार तेरे मुंह से भी निकलेगी। उसी से गुजारा चला लेना। अब ज्यादा बकवास न कर और मुझे शांति से फल खाने दे।" ऐसा कहकर पहला सिर चटकारे ले-लेकर फल खाने लगा।

इस घटना के बाद दूसरे सिर ने बदला लेने की ठान ली और मौके की तलाश में रहने लगा। कुछ दिन बाद फिर भारूंड भोजन की तलाश में घूम रहा था कि दूसरे सिर की नजर एक फल पर पडी। उसे जिस चीज की तलाश थी, उसे वह मिल गई थी। दूसरा सिर उस फल पर चोंच मारने ही जा रहा था कि कि पहले सिर ने चीखकर चेतावनी दी "अरे, अरे! इस फल को मत खाना। क्या तुझे पता नहीं कि यह विषैला फल हैं? इसे खाने पर मृत्यु भी हो सकती है।"

दूसरा सिर हंसा "हे हे हे! तु चुपचाप अपना काम देख। तुझे क्या लेना हैं कि मैं क्या खा रहा हूं? भूल गया उस दिन की बात?"

पहले सिर ने समझाने कि कोशिश की "तुने यह फल खा लिया तो हम दोनों मर जाएंगे।"

दूसरा सिर तो बदला लेने पर उतारू था। बोला "मैने तेरे मरने-जीने का ठेका थोडे ही ले रखा हैं? मैं जो खाना चाहता हूं, वह खाऊंगा चाहे उसका नतीजा कुछ भी हो। अब मुझे शांति से विषैला फल खाने दे।"

दूसरे सिर ने सारा विषैला फल खा लिया और भारूंड तडप-तडपकर मर गया।

सीखः आपस की फूट सदा ले डूबती हैं।

जय श्री गणेश

# जीत समाचार राशिफल

वैदिक ज्योतिष शास्त्र, वास्तु शास्त्र, अंक शास्त्र, सामुद्रिक शास्त्र, लाल किताब, हस्त रेखा, जन्म कुण्डली विश्लेषण और रत्नों की जानकारी के लिऐ आप सम्पर्क कर सकते हैं. पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'
93186 82393, 70187 97214.
दिव्या दीप ज्योतिष कार्यालय
bawjiastrology@gmail-com

पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'

दिनांक : 09 जून 2026, मंगलवार

## आज का राशिफल

बिरसा मुण्डा शहीद दिवस.

**आज का पंचांग**

तिथि नवमी 02:37 ए.एम नक्षत्र पूर्वाभाद्रपद 09:40 एएम
करण तैतिल, 03:08 पीएम आगामी दिन 02:37 ए.एम
तक.पक्ष : कृष्ण पक्ष. योग प्रीति : 08:17 एएम मंगलवार
चन्द्रमा मीन राशि में. राहुकाल 03:49 - 05:33 पी.एम
विक्रमी संवतम् 2083 शक सम्वत 1948 ( पराभव )मास
अमांत ज्येष्ठ ( अधिक) मास पूर्णिमांतज्येष्ठ (अधिक)
शुभ मुहूर्त : अभीजित 11:52 -12:48 पी.एम

**मेष राशि**
आपकी मेहनत और सूझबूझ से उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे. मान सम्मान में वृद्धि होगी. भाई व मित्रों का सहयोग मिलने से कार्य पूरे होंगे.

**वृषभ राशि**
आपके रहन-सहन से लोग प्रभावित होंगे. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा तथा मन में प्रसन्नता होगी। कार्यस्थल पर रूचि बढ़ेगी.

**मिथुन राशि**
समय रहते जरूरी दस्तावेज संभाल लें. मनोवांछित सफलता प्राप्त करेंगे। पारिवारिक सुख व सहयोग बढ़ेगा. धन का अपव्यय संभव है.

**कर्क राशि**
अनचाहे काम करना होंगे. दाम्पत्य संबंध में सुधार होगा. व्यावसायिक स्थिति में पहले से राहत मिलेगी. घर-परिवार का सुख बढ़ेगा.

**सिंह राशि**
कमजोर रणनीति के कारण मनचाही सफलता नहीं मिलेगी. नए कार्यक्षेत्र में प्रवेश की संभावना है. संतान के कामों पर नजर रखना जरूरी है.

**कन्या राशि**
परिवार के मांगलिक आयोजनों की रूपरेखा बनेगी. ज्ञान-चित्रकारी में रूचि बढ़ेगी. कानूनी झंझटों से राहत मिल सकती है.

**तुला राशि**
दिन अनुकूल है. स्वास्थ्य में सुधार होगा. मन में निराशा व उदासी का भाव खत्म होगा. किसी को भी अपने राज न बतायें. अपकीर्ति हो सकती है. मनोबल में वृद्धि होगी.

**वृश्चिक राशि**
दोस्तों की चिंता रहेगी. सूझ-बूझ द्वारा कार्यो में सफलता मिलेगी. अपनी क्षमता, योग्यता का भरपूर इस्तेमाल करेंगे और सफल होंगे. रुका पैसा प्राप्त करने के प्रयास सफल होंगे.

**धनु राशि**
निर्माण कार्य में हो रहे विलंभ से चिंता बढ़ेगी. दाम्पत्य सुख मिलेगा. व्यापारिक तथा कार्यक्षेत्र में उन्नति के लिए दिन अनुकूल रहेगा.

**मकर राशि**
रुके निर्माण कार्यो में गति आयेगी.साझेदारी के कार्यों में विशेष लाभ होगा. व्यावसायिक समय शुभ रहेगा.

**कुम्भ राशि**
नई ऊर्जा के साथ दिन की शुरूआत होगी. घरेलू काम काज के चलते व्यस्त रहेंगे. कार्यस्थल पर नौकरों की समस्या बनी रहेगी.

**मीन राशि**
आपकी बातों को महत्व मिलेगा. परिजनों के साथ यात्रा होगी. विवाह में आ रही अड़चन दूर होगी. पसंदीदा भोजन की प्राप्ति होगी.

जीत समाचार TV
जीत सच्ची खबर की
जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम!
जीत समाचार आपकी तीसरी आँख वन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की
मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, बालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# डिप्टी कमिश्नर ने पंजाब ट्रेडर्स कमीशन की रिव्यू मीटिंग की

## –ट्रेडर्स की शिकायतों के टाइम पर समाधान के लिए संबंधित डिपार्टमेंट कोऑर्डिनेशन से काम करें – डॉ. हिमांशु अग्रवाल

जीत समाचार पटियाला (ब्यूरों)। पटियाला के डिप्टी कमिश्नर डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने पंजाब स्टेट ट्रेडर्स कमीशन के मेंबर्स के साथ एक रिव्यू मीटिंग की, जिसमें ट्रेडर्स की सभी शिकायतों का टाइम पर समाधान पक्का करने के लिए सख्त गाइडलाइंस जारी की गई। इस मौके पर कमीशन के वाइस चेयरमैन गुरप्रीत सिंह धमोली और दूसरे मेंबर्स भी मौजूद थे।




डिप्टी कमिश्नर ने सभी संबंधित डिपार्टमेंट्स को निर्देश दिया कि वे तय पोर्टल पर लगातार नजर रखें और यह पक्का करें कि आने वाली शिकायतों का सात दिनों के अंदर पूरी तरह से समाधान हो जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायत के समाधान के बाद संबंधित मेंबर्स को बताया जाए ताकि शिकायत करने वाला संतुष्ट हो।

उन्होंने कहा कि अगर कोई अधिकारी शिकायतों के समाधान में देरी करता है, तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अनुसार, व्यापारी समुदाय के साथ मजबूत बातचीत की अहमियत पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने डिपार्टमेंट के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे व्यापारियों की शिकायतों का समय पर समाधान करने के लिए तालमेल से काम करें।

इस मौके पर, गुरप्रीत सिंह धमौली ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और [illegible] के संयोजक अरविंद केजरीवाल अगले हफ्ते से व्यापारियों के साथ होने वाली मीटिंग की खुद अध्यक्षता करेंगे ताकि शिकायत निवारण सिस्टम को और तेज और मजबूत किया जा सके।

मीटिंग के दौरान,एडीसी अनुप्रिता जोहल ने कहा कि डिप्टी कमिश्नर के नेतृत्व में जिला प्रशासन व्यापारियों की समस्याओं को हल करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस मौके पर, कमीशन के अलग-अलग सदस्यों ने भी जमीनी स्तर का फीडबैक और विचार शेयर किए। इस मीटिंग में टिंकू बंसल चेयरमैन हलका राजपुरा, दुर्गा दास चेयरमैन हलका पातड़ा, कीरत सेहरा मेंबर हलका घनौर, विनोद सिंगला, पुनीत बुद्धिराजा और वेद प्रकाश गर्ग के साथ नगर निगम की जॉइंट कमिश्नर मनरीत राणा, डीएसपी नेहा अग्रवाल, असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी गुरसिमरन कौर, डीडीपीओ महिंदरजीत सिंह, सभी एग्जीक्यूटिव ऑफिसर और अलग-अलग डिपार्टमेंट के दूसरे ऑफिसर मौजूद थे।

# बटाला शहर को सुंदर बनाने के लिए और खास कोशिशें की जाएंगी–एमएलए शेरी कलसी

जीत समाचार बटाला (ब्यूरों)। पंजाब के एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट और बटाला के युवा एमएलए अमनशेर सिंह शेरी कलसी ने कहा कि बटाला शहर को सुंदर बनाने के लिए और खास कोशिशें की जाएंगी और लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग डेवलपमेंट के काम किए जाएंगे।



बटाला में एक पब्लिक मीटिंग के दौरान लोगों की समस्याएं सुनने के बाद उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक और धार्मिक शहर बटाला को और सुंदर बनाने के लिए लगातार कोशिशें की जा रही हैं और हलके में डेवलपमेंट के काम तेजी से चल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि शहर के अलग-अलग वार्डों में बिना किसी भेदभाव के डेवलपमेंट के काम किए गए हैं। शहर में चौकों को चौड़ा और सुंदर बनाया गया है। शहर की लाइब्रेरी बिल्डिंग का रेनोवेशन किया गया है। लोगों को एक ही छत के नीचे सुविधाएं देने के मकसद से नया तहसील कॉम्प्लेक्स बनाया गया है। स्कूल ऑफ एमिनेंस बनाया गया है। लोगों को उनके घरों के पास हेल्थ सुविधाएं देने के लिए आम आदमी क्लीनिक खोले गए हैं। शिव कुमार बटालवी आर्ट एंड कल्चरल सेंटर, बटाला में शिव बटालवी की आदमकद मूर्ति लगाई गई है। शहर के अंदर ट्रांसपोर्टेशन को आसान बनाने की कोशिश की गई है और हर वर्ग की भलाई के लिए डेवलपमेंट के काम किए जा रहे हैं।




# एमएलए छीना ने लोगों को 11 केवी फीडर समर्पित किया

## कहा! अब इलाके के लोगों को बिना रुकावट बिजली सप्लाई मिलेगी, यह पक्का किया जाएगा'



जीत समाचार लुधियाना। लुधियाना साउथ विधानसभा क्षेत्र में विकास के कामों को और मजबूत करते हुए, आज एमएलए राजिंदरपाल कौर छीना ने जनता नगर यूनिट नंबर-3 के तहत नए 11 केवी 'शिव शक्ति फीडर' का उद्घाटन किया।

लगभग 45 लाख रूपये की लागत से तैयार यह फीडर 66 केवी सिंगला साइकिल ग्रिड से चलेगा। इस प्रोजेक्ट के शुरू होने से अब इलाके के लोगों को बिना रुकावट बिजली सप्लाई पक्का हो जाएगी।

इस मौके पर एमएलए राजिंदरपाल कौर छीना ने कहा कि पंजाब सरकार लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं देने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि बिजली सप्लाई को और मजबूत और भरोसेमंद बनाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस नए फीडर के चालू होने से हरपाल नगर, कुंती नगर, सतगुरू नगर, प्रेम नगर, शिव कॉलोनी, केशव नगर और मंदीप कॉलोनी के लोगों को बिना रुकावट और आसानी से बिजली मिलेगी। इसके अलावा, अब जहां बिजली लोड का डिस्ट्रीब्यूशन बेहतर होगा, वहीं कम वोल्टेज की समस्या भी हल हो जाएगी। डस। छीना ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र साउथ को विकास के मामले में लीडर बनाने के लिए लगातार कोशिशें की जा रही हैं और आने वाले समय में भी लोगों की बुनियादी जरूरतों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इस मौके पर बिजली विभाग के अधिकारी, इलाके के गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी भी मौजूद थे।

# "मेरी रसोई स्कीम"– एमएलए मदन लाल बग्गा ने वार्ड नंबर 1 में करीब 300 परिवारों को राशन किट बांटी'



जीत समाचार लुधियाना। आज लुधियाना नॉर्थ विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 1 में एमएलए मदन लाल बग्गा ने आम लोगों की सुविधा के लिए "मेरी रसोई स्कीम" के तहत करीब 300 परिवारों को स्पेशल राशन किट बांटी।

इस मौके पर एमएलए बग्गा के साथ पार्षद अशोक कुमार, पार्षद अमन बग्गा खुराना, वरिंदर कोफी, कुलदीप सिंह मक्कड़ और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद थे।

डस। बग्गा ने कहा कि समाज के हर वर्ग को राहत पहुंचाना पंजाब सरकार की मुख्य प्राथमिकता है और लोगों की रोजाना की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ऐसे सेवा कार्य लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि "मेरी रसोई स्कीम' का मुख्य मकसद आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद परिवारों को मदद पहुंचाना है ताकि कोई भी परिवार जरूरी राशन से वंचित न रहे। स्थानीय निवासियों ने पंजाब सरकार और उनके लोकप्रिय डस। मदन लाल बग्गा को धन्यवाद दिया और कहा कि मौजूदा सरकार जनकल्याण के कामों को प्राथमिकता के आधार पर कर रही है, जिससे आम परिवारों को बड़ी राहत मिल रही है।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

# कपास की फसल को लेकर किसानों के लिए जरूरी सलाह



जीत समाचार बठिंडा।

एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट के ताजा सर्वे के मुताबिक, जल्दी बोई गई कपास की फसल (जो करीब 35-40 दिन पुरानी है) इस समय काफी हेल्दी और ठीक है। यह जानकारी चीफ एग्रीकल्चर ऑफिसर डॉ. हरप्रीतपाल कौर ने दी।

उन्होंने कहा कि कुछ जगहों पर ब्राउन थ्रिप्स का हल्का अटैक देखा गया है, लेकिन यह इकोनॉमिक थ्रेशोल्ड लेवल (म्ज्स) से काफी कम है। इसलिए, बिल्कुल भी घबराने की जरूरत नहीं है। कपास की फसल के लिए जरूरी बातें और बचाव के तरीके शेयर करते हुए उन्होंने कहा कि ब्राउन थ्रिप्स ज्यादातर सूखे (गर्मी/सूखा) की वजह से आते हैं। फसल पर हल्का (पतला) पानी डालने से यह कीड़ा अपने आप कम हो जाता है।

बेवजह स्प्रे करने से बचने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि अभी फसल पर कोई महंगा या जहरीला कीटनाशक स्प्रे करने की जरूरत नहीं है। ऐसा करने से दोस्त कीड़े मर जाते हैं और खर्च बढ़ जाता है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि वे अपने खेतों का लगातार सर्वे करें और कोई भी दिक्कत होने पर एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट के एक्सपर्ट्स से संपर्क करें।

# लुधियाना में वोटर मैपिंग में तेजी लाने के लिए पॉलिटिकल पार्टियों से बूथ लेवल पर बीएलएएस अपॉइंट करने की अपील की गई



जीत समाचार लुधियाना (कमल पवार)।

एडिशनल डिप्टी कमिश्नर पूनम सिंह ने सोमवार को मान्यता प्राप्त और गैर-मान्यता प्राप्त पॉलिटिकल पार्टियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और उनसे सभी पोलिंग बूथ पर बूथ लेवल एजेंट अपॉइंट करने और वोटर मैपिंग कवरेज को बेहतर बनाने की कोशिशों में मदद करने की अपील की।


पूनम सिंह ने प्रतिनिधियों को बताया कि बिना मैप वाले वोटरों की लिस्ट पहले ही चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर , पंजाब के ऑफिस द्वारा पॉलिटिकल पार्टियों के साथ शेयर की जा चुकी है, जबकि बूथ लेवल ऑफिसर के पास भी यही लिस्ट है। उन्होंने कहा कि ठस्ऐ, बिना मैप वाले वोटरों की लिस्ट को वेरिफाई करने और उनकी मैपिंग पक्का करने में मदद करने के लिए ठस्ऐ के साथ कोऑर्डिनेट कर सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि 7 फरवरी को चलाए गए स्पेशल कैंप ड्राइव के दौरान करीब 18,718 वोटरों की मैपिंग की गई। लुधियाना में 2,684,361 वोटरों में से 2,048,484 की मैपिंग पहले ही हो चुकी है।

पूनम सिंह ने सभी राजनीतिक पार्टियों से स्पेशल इंटेंसिफाइड रिवीजन एक्सरसाइज को सफलतापूर्वक पूरा करने में सक्रिय रूप से भाग लेने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने पंजाब में एसआईआर के लिए बदला हुआ शेड्यूल घोषित किया है। घर-घर जाकर गिनती अब 25 जून से शुरू होगी, जबकि ड्राफ्ट वोटर लिस्ट 3 अगस्त को पब्लिश की जाएगी।

क्लेम और ऑब्जेक्शन फाइल करने का समय 3 अगस्त से बदलकर 2 सितंबर कर दिया गया है, जबकि नोटिस फेज और क्लेम और ऑब्जेक्शन का निपटारा 3 अगस्त से 28 सितंबर, 2026 तक किया जाएगा।

पूनम सिंह ने आगे कहा, 'घर-घर जाकर गिनती का फेज शुरू होने से पहले ज्यादा से ज्यादा वोटरों तक पहुंचने और प्री-मैपिंग एक्सरसाइज को पूरा करने की पूरी कोशिश की जा रही है।'







# जिला परिषद के सभी 19 नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ




जीत समाचार हमीरपुर(ब्यूरों)।जिला परिषद हमीरपुर के नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को परिषद के सम्मेलन हॉल में आयोजित किया गया।

इस समारोह में उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने सभी 19 नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई।शपथ ग्रहण करने वाले सदस्यों में वार्ड-1 बीड़ बगेहड़ा की तृप्ता देवी, वार्ड-2 पनोह की आशा देवी, वार्ड-3 दरोगण पत्ती कोट से मनजीत सिंह, वार्ड-4 उहल से ज्योति ठाकुर, वार्ड-5 जंगल रोपा के सोनी कुमार, वार्ड-6 ताल सुरेश सोनी, वार्ड-7 चमनेड रोहित शर्मा, वार्ड-8 बधाणी रजनी देवी, वार्ड-9 धमरोल अनिता शर्मा, वार्ड-10 जाहू पवन कुमार, वार्ड-11 महल अनिता देवी, वार्ड-12 करेर गुरदीप सिंह, वार्ड-13 बिझड़ी विकास कुमार, वार्ड-14 झंझयाणी रामेश्वर दत्त, वार्ड-15 दांदड़ू रेणु बाला, वार्ड-16 लहड़ा रंजना कुमारी, वार्ड-17 मालग वंदना कुमारी, वार्ड-18 अमलैहड़ रविंद्र कुमार और वार्ड नंबर-19 सपड़ोह की सदस्य नीलम कुमारी शामिल रहीं।

इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। जिला परिषद की सचिव एवं जिला पंचायत अधिकारी बबीता गुलेरिया ने शपथ ग्रहण की कार्यवाही का संचालन किया। कार्यक्रम में एडीसी एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक कुमार गर्ग, अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा नवनिर्वाचित सदस्यों के परिजन भी उपस्थित रहे।

# निहरी में पंचायत समिति के नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ

जीत समाचार सुंदरनगर(ब्यूरों)।
उपमंडल सुंदरनगर के अंतर्गत निहरी पंचायत भवन के सभागार में पंचायत समिति (बीडीसी) के नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी (ना.) सुंदरनगर अमर नेगी ने पंचायत समिति निहरी के सभी 15 नवनिर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर अमर नेगी ने जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए उनसे अपने-अपने क्षेत्रों के विकास तथा आम जनता के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं और जनप्रतिनिधियों की भूमिका विकास कार्यों को गति देने तथा लोगों की समस्याओं के समाधान में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने सभी सदस्यों से पारदर्शिता, जवाबदेही एवं जनसेवा की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आग्रह किया। प्रशासन की ओर से सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की कामना की गई।

## जन समस्याओं का समयबद्ध निपटारा तथा ग्रामीण विकास सरकार की प्राथमिकताः राजेश धर्माणी



जीत समाचार घुमारवीं (ब्यूरों)। नगर व ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने आज लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह घुमारवीं में जन समस्याएं सुनीं तथा अधिकतर का मौके पर ही निपटारा कर दिया।

इस दौरान तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को लोगों की जन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन मामलों का मौके पर निपटारा नहीं हो सका है, उन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर हल किया जाए।

इस मौके पर हाल ही में नव निर्वाचित पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने मंत्री राजेश धर्माणी से शिष्टाचार भेंट की तथा अपनी पंचायतों एवं क्षेत्रों के विकासात्मक मुद्दों को उनके समक्ष रखा।इस बीच ग्राम पंचायतों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, सड़क संपर्क, पेयजल व्यवस्था, शिक्षा और अन्य विकास कार्यों को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई।

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने नव-निर्वाचित पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि पंचायतीराज संस्थाएं ग्रामीण विकास की आधारशिला है। ऐसे में सभी जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि जन अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए अपने क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए सक्रिय भूमिका निभाए।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भी पंचायतों के संपूर्ण विकास और ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्यरत है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य सरकार की विभिन्न विकासात्मक योजनाओं, नीतियों एवं कार्यक्रमों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है ताकि समाज का कोई भी वर्ग वंचित न रहे। उन्होंने सभी विभागों को पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करने के भी निर्देश दिए। साथ ही विभिन्न पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए विकास संबंधी मुद्दों पर गंभीरता से विचार कर जनहित में जल्द उचित कदम उठाने का भी भरोसा दिया।

इस मौके पर नवनिर्वाचित पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।












# जिला परिषद ऊना के 17 नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली पद की शपथ

जीत समाचार ऊना(ब्यूरों)। जिला परिषद ऊना के नवनिर्वाचित 17 सदस्यों ने सोमवार को जिला परिषद सभागार में आयोजित एक गरिमामय समारोह में पद की शपथ ली। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) जतिन लाल ने सभी सदस्यों को शपथ दिलाई। इस दौरान ऊना के विधायक सतपाल सिंह सत्ती भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



इस अवसर पर उपायुक्त जतिन लाल ने नवनिर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पंचायती राज संस्थाएं लोकतंत्र की मजबूत नींव हैं तथा जिला परिषद ग्रामीण विकास और जनकल्याण की दिशा तय करने वाली महत्वपूर्ण संस्था है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी सदस्य जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपने दायित्वों का निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण भाव से निर्वहन करेंगे तथा जिला के समग्र विकास में सक्रिय योगदान देंगे।

शपथ ग्रहण करने वाले सदस्यों में जिला परिषद वार्ड मुबारिकपुर से पवनजीत सिंह, कुठेड़ा खैरला से अरूण लता, ठठल से सरबन सिंह, सोहारी से योगराज, लठियाणी से अनीता देवी, धनेत से चंचल वाला, टक्का से सुमित कुमार शर्मा, चताड़ा से अनु ठाकुर, देहला अप्पर से अविनाश कुमार, रायपुर सहोड़ा से बिंदु शर्मा, बाथू से ज्योति वाला, दुलैहड़ से सुलिंदरपाल कौर, हरोली से केवल सिंह, पंजावर से इंदु वाला, अम्बोटा से पवन कुमार, चलेट से आरती देवी तथा भंजाल लोअर से गुरमुख सिंह शामिल रहे।

समारोह में जिला पंचायत अधिकारी श्रवण कुमार, जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी, नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों के परिजन तथा गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# भारतीय सेना की पैराशूट रेजिमेंट के कैप्टन योगेंद्र सिंह ठाकुर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा ‘शौर्य चक्र’ से सम्मानित

जीत समाचार जोगिंद्रनगर (ब्यूरों)। हिमाचल प्रदेश के जोगिंद्रनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत दारट बगला निवासी एवं भारतीय सेना की पैराशूट रेजिमेंट के कैप्टन योगेंद्र सिंह ठाकुर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा ‘शौर्य चक्र’ से सम्मानित किए जाने पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।



उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में घने कोहरे और कठिन परिस्थितियों के बीच तैनाती के दौरान कैप्टन योगेंद्र सिंह ठाकुर ने अदम्य साहस और असाधारण सूझबूझ का परिचय दिया। संदिग्ध गतिविधि की पहचान होते ही उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए भारी गोलीबारी के बीच निकट मुठभेड़ में एक आतंकवादी को मार गिराया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका यह पराक्रम, कर्तव्य के प्रति निष्ठा और अटूट साहस भारतीय सेना के शौर्य और परंपरा का गौरवशाली उदाहरण है। हिमाचल की वीरभूमि को अपने जांबाज सपूत पर गर्व है।

# मुख्यमंत्री ने मशोबरा में प्रदेश के पहले महिला नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र का उद्घाटन किया

जीत समाचार शिमला(ब्यूरों)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला के समीप मशोबरा में ‘नव-जीवन’ महिला नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में नशे, विशेषकर चिट्टा की चुनौती केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक, पारिवारिक और मानवीय संकट है। प्रदेश सरकार ने शुरूआत से ही चिट्टे की चुनौती को गम्भीरता से लिया है तथा इसे रोकने के लिए आम जनता को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशा तस्करों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है।



उन्होंने कहा कि यह राज्य का अपनी तरह का पहला विशेष केन्द्र है, जो महिलाओं का केवल उपचार ही नहीं, बल्कि सम्मानजनक जीवन की ओर लौटने का अवसर प्रदान करेगा। इस केन्द्र में पीड़ित महिलाओं को सुरक्षित आवास, चिकित्सकीय उपचार, मनोवैज्ञानिक परामर्श, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना तथा परिवार आधारित सहयोग प्रणाली उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि सरकारी क्षेत्र में दूसरा नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र, कांगड़ा ज़िले के डॉ. राजेन्द्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, टांडा में खोला जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे के शिकार युवा या महिलाएं अपराधी नहीं हैं लेकिन नशा बेचने वाला तस्कर समाज का दुश्मन है। सरकार ऐसे अपराधियों के प्रति किसी प्रकार की नरमी नहीं बरतेगी। उन्होंने कहा कि सरकार की नीति पीड़ितों के प्रति संवेदना तथा नशे के तस्करों से कठोरता से निपटना है।

श्री सुक्खू ने कहा कि जब कोई बेटी या महिला नशे की गिरफ्त में आती है तो केवल एक व्यक्ति प्रभावित नहीं होता, बल्कि पूरा परिवार, उसके बच्चे और आने वाली पीढ़ियां भी प्रभावित होती हैं। इसी सोच के साथ एक ओर उपचार, परामर्श, पुनर्वास और सामाजिक पुनर्स्थापना की व्यवस्था की जा रही है, वहीं दूसरी ओर चिट्टा तस्करों के विरूद्ध राज्य में कड़ी कार्रवाई की जा रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने शिमला से पिछले वर्ष 15 नवम्बर को ‘एंटी-चिट्टा जन आन्दोलन’ की शुरूआत की थी, जो आज यह एक व्यापक सामाजिक अभियान का स्वरूप ले चुका है। यह केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं है, बल्कि युवाओं, पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों, स्वयंसेवी संस्थाओं और आम नागरिकों का जन आन्दोलन बन चुका है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे चिट्टे के खिलाफ लड़ाई में बढ़-चढ़कर भाग लें ताकि समाज से इस कुरीति को खत्म किया जा सके।

उन्होंने कहा कि सरकार नशा तस्करों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई आरम्भ कर पीआईटी-एनडीपीएस जैसे कठोर प्रावधानों के तहत निरोधात्मक कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि चिट्टा तस्करों की संपत्तियों की पहचान की जा रही है तथा सरकार नशे के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को नहीं बख्शेगी, चाहे वह कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो।

इस अवसर पर महापौर सुरेन्द्र चौहान, हि.प्र. नशा निवारण बोर्ड के सह-संयोजक संजय भारद्वाज, पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी, ईसोमसा के निदेशक सुमित किमटा, उपायुक्त अनुपम कश्यप, पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह भी उपस्थित थें।